संख्या-29/2020/289/26-3-2020

प्रेषक,

सतीश कुमार,
अनुसचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,
समाज कल्याण
उ0प्र0, लखनऊ।

समाज कल्याण अनुभाग-3 लखनऊ: दिनांक: 17 फरवरी 2020

विषय:- **चालू वित्तीय वर्ष 2019-20 में अनुदान संख्या-80 के अन्तर्गत 03-औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्रों का संचालन के विभिन्न मानक मदों में पुनर्विनियोग के माध्यम से स्वीकृत किये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्रांक-1926/स0क0/लेखा-बजट/औ0प्र0के0/ 2019-20, दिनांक-17.12.2019 के क्रम में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि चालू वित्तीय वर्ष 2019-20 में अनुदान संख्या-80 के लेखाशीर्षक-2225-अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा अन्य पिछड़े वर्गो का कल्याण-01-अनुसूचित जातियों का कल्याण-277-शिक्षा-03-औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्रों का संचालन अधिष्ठान के मानक मद 49- चिकित्सा व्यय में प्राविधानित धनराशि रू0-10.34 लाख, मानक मद 52-पुनरीक्षित वेतन का अवशेष (राजकीय) में प्राविधानित धनराशि रू0-8.58 लाख, मानक मद 55-मकान किराया भत्ता में प्राविधानित धनराशि रू0-22.50 लाख तथा 58-आउटसोर्सिंग सेवाओं हेतु भुगतान में प्राविधानित धनराशि रू0-4.00 लाख अर्थात कुल धनराशि **रूपये-45.42 लाख (रू0-पैतालीस लाख बयालीस हजार मात्र)** को अनुदान संख्या-80 के लेखाशीर्षक- 2225-अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा अन्य पिछड़े वर्गों के कल्याण- 01-अनुसूचित जातियों का कल्याण-793-अनुसूचित जाति की संघटक योजना के लिये विशेष केन्द्रीय सहायता-03-मण्डल/जनपद/विकास खण्ड स्तर पर शासकीय स्टाॅफ की व्यवस्था-00-01-वेतन मद में उपलब्ध बचतों की धनराशि से पुनर्विनियोग के माध्यम से स्वीकृत किये जाने के प्रस्ताव पर राज्यपाल महोदय निम्नलिखित शर्तो एवं प्रतिबन्धों के अधीन सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं:-

(1)-उक्त स्वीकृत धनराशि का व्यय किसी अन्य प्रायोजन हेतु नही किया जायेगा। किसी प्रकार की विचलन की स्थिति में आप स्वयं उत्तरदायी होंगे।

(2)-स्वीकृत की जा रही धनराशि का व्यय करने से पूर्व सुनिश्चित कर लिया जायेगा कि पूर्व वर्षो में स्वीकृत की गयी कोई धनराशि पी0एल0ए0/बैंक/ डाकखाना/डिपाजिट आदि खातों में अवशेष जमा नही है।

(3)-उक्त धनराशि इस शर्त के साथ निर्गत की जा रही है कि इस सम्बन्ध में समय-समय पर निर्गत शासनादेशों/वित्तीय नियमों का कड़ाई से पालन किया जायेगा।

(4)-उक्त धनराशि का उपभोग प्रमाण पत्र महालेखाकार, उ0प्र0 इलाहाबाद तथा शासन को ससमय उपलब्ध कराया जायेगा।

(5)-वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप दिनांक-22 मार्च 2019 तथा में दिये गये दिशा-निर्देशों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

(6)-अवमुक्त धनराशि का आहरण एवं व्यय आवश्यकता एवं नियमानुसार किया जायेगा। स्वीकृत धनराशि को पी0एल0ए0/बैंक खाते आदि में नही रखा जायेगा।

(7)-स्वीकृत धनराशि का उपयोग उसी मद में किया जायेगा, जिस मद हेतु धनराशि की व्यवस्था की गयी है।

(8)-जिस मद से धनराशि पुनर्विनियोग की जा रही है उस मद में पुनः धनराशि की मांग नही की जायेगी।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है।

http://shasanadesh.up.nic.in

2- उपर्युक्त पर होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2019-20 के अनुदान संख्या- 80 के लेखाशीर्षक-2225-अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा अन्य पिछड़े वर्गो का कल्याण-01-अनुसूचित जातियों का कल्याण-277-शिक्षा-03-औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्रों का संचालन अधिष्ठान के मानक मद 49-चिकित्सा व्यय, 52-पुनरीक्षित वेतन का अवशेष (राजकीय), 55-मकान किराया भत्ता, 58-आउटसोर्सिंग सेवाओं हेतु भुगतान मद के नामे डाला जायेगा तथा व्यय संलग्न प्रपत्र बी0एम0-9 के स्तम्भ-1 में उल्लिखित लेखाशीर्षक में उपलब्ध बचतों से पुनविर्नियोग कर वहन किया जायेगा।

भवदीय,

सतीश कुमार
अनु सचिव।

पृ0संख्या-29 /2020/289(1)/26-3-2020 तददिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेरेषित:-

1- महालेखाकार,(लेखा एवं हकदारी)प्रथम एवं द्वितीय, उ0प्र0,इलाहाबाद ।
2- महालेखाकर (लेखा परीक्षा) प्रथम एवं द्वितीय उ0प्र0इलहाबाद।
3- मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
4- वित्त नियंत्रक, निदेशालय, समाज कल्याण, उ0प्र0 लखनऊ।
5- वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-4/वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1/2, उ0प्र0 शासन।
6- निदेशक, एन0आई0सी0योजना भवन, लखनऊ।
7- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

सतीश कुमार
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है।

प्रपत्र बी0एम0–9 भाग–1

पुनर्विनियोग के लिए आवेदन/स्वीकृति (संदर्भ बजट मैनुअल का प्रस्तर–158)

अनुदान संख्या–80–03–औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्रों का संचालन (समाज कल्याण विभाग)) वित्तीय वर्ष 2019–20 (रूपये लाख में)

निम्नलिखित निधियों से प्रस्तावित संक्रमण

लेखाशीर्षक	आवेदन पत्र देने के दिनांक पर उपलब्ध अनुदान/विनियोग	आवेदन पत्र देने के दिनांक पर उपलब्ध बचत	संक्रमित की जाने वाली धनराशि	वित्त विभाग द्वारा संक्रमण हेतु अनुमोदित धनराशि	संक्रमण के पश्चात शेष अनुदान/विनियोग (2–5)
1	2	3	4	5	6
2225–01–793–03–00–01 2225–अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा अन्य पिछड़े वर्गों का कल्याण– 01–अनुसूचित जातियों का कल्याण– 793–अनुसूचित जाति की संघटक योजना के लिये विशेष केन्द्रीय सहायता– 03–मण्डल/जनपद/विकास खण्ड स्तर पर शासकीय स्टॉफ की व्यवस्था– 00– 01–वेतन	6301.300	204.000	55.420	45.42	6245.88
योग	**6301.300**	**204.000**	**55.420**	**45.42**	**6245.88**

निम्नलिखित निधियों में प्रस्तावित संक्रमण

लेखाशीर्षक	वित्तीय वर्ष के लिए उपलब्ध अनुदान/विनियोग	वित्तीय वर्ष में प्रत्याशित कुल व्यय	संक्रमण हेतु प्रस्तावित धनराशि (9–8)	वित्त विभाग द्वारा अनुमोदित संक्रमण की धनराशि	संक्रमण के पश्चात उपलब्ध अनुदान/विनियोग (8+11)
7	8	9	10	11	12
2225–01–277–03–00 2225–अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा अन्य पिछड़े वर्गों का कल्याण– 01–अनुसूचित जातियों का कल्याण– 277–शिक्षा 03–औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्रों का संचालन– 00–					
49–चिकित्सा व्यय–	5.500	15.840	10.340	10.340	15.840
52–पुनरीक्षित वेतन का अवशेष (राजकीय)–	37.940	46.520	8.580	8.580	46.520
55–मकान किराया भत्ता–	34.000	56.500	22.500	22.500	56.500
58–आउटसोर्सिंग सेवाओं हेतु भुगतान	5.000	19.000	14.000	4.00	9.00
योग:–	**82.440**	**137.860**	**55.420**	**45.42**	**127.86**

1–स्तम्भ–3 में उपलब्ध बचत का कारण निम्नानुसार है–स्तम्भ–1 में उल्लिखित लेखाशीर्षकों में बचत वास्तविक आवश्यका के अनुसार है।

2–स्तम्भ–8 में उल्लिखित उपलब्ध अनुदान के सापेक्ष स्तम्भ–9 में अंकित व्यय निम्नलिखित कारणों से है:–योजना/अधिष्ठान के कियान्वयन किये जाने के कारण।

3–प्रमाणित किया जाता है कि उपर्युक्त पुनर्विनियोग में उ0प्र0 बजट मैनुवल के प्रस्तर–150, 151, 154 एवं 155 में निर्दिष्ट प्रतिबंधों/परिसीमाओं का उल्लंघन नहीं होता है।

संख्या–आर0ई0–364/ई–4–96/दस–20 दिनांक–11 फरवरी, 2020

सेवा में,
महालेखाकार(लेखा एवं हकदारी प्रथम)
उ0प्र0, इलाहाबाद।

(सतीश कुमार)
अनु सचिव,
समाज कल्याण विभाग।

केशव प्रसाद
संयुक्त सचिव
वित्त विभाग
ह0।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है।

पृ0संख्या-29 /2020/289/(1)/26-3-2020 तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- महालेखाकार (लेखा परीक्षा) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, इलाहाबाद।
2- निदेशक, स्थानीय निधि, लेखा परीक्षा विभाग, उ0प्र0, इलाहाबाद।
3- निदेशक, निदेशक, समाज कल्याण, उ0प्र0 लखनऊ।
4- वित्त नियंत्रक, निदेशालय, समाज कल्याण, उ0प्र0 लखनऊ।
5- मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
6- वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-4/वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1, उ0प्र0 शासन।
7 - गार्डफाइल।

आज्ञा से,

(सतीश कुमार)
अनु सचिव

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है।